**आयोजन** नवभारत और वैश्य महासम्मेलन गरबा महोत्सव में प्रतिभागियों को प्रोफेशनल कलाकार दे रहे प्रशिक्षण

# गरबा में दिखेगी श्रद्धा-भक्ति और संस्कृति की झलक



**नवभारत, कटनी।** नवरात्रि के पावन पर्व पर डांडिये की खनक एक बार फिर नवभारत और वैश्य महासम्मेलन परिवारिक गरबा उत्सव के माध्यम से सुनाई देगी, दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन पूरी भव्यता के साथ होने जा रहा है। जिसकी शुरुआत 23 सितम्बर से शहर के आदर्श कॉलोनी स्थित मुहूर्त मैरिज गार्डन में होगी। इसको लेकर इवेंट्स टीम के सदस्य गार्डन पर तैयारियों की जानकारी लेने पहुंचे। जिसमें स्टेज निर्माण, पंडाल निर्माण से लेकर डेकोरेशन का कार्य प्रारंभ हो गया है।

नवभारत और वैश्य महासम्मेलन पारिवारिक गरबा उत्सव में मुख्य रुप से गरबा करने वालों को पहले से ही ट्रेनिंग दी जा रही है, साथ ही गरबा महोत्सव को देखने के लिए आने वाले लोगों के बैठने और पार्किंग की उचित व्यवस्था रहेगी, ताकि इस पारिवारिक आयोजन का आनंद सभी ले सके। नवरात्रि वैश्य महासम्मेलन पारिवारिक गरबा उत्सव में आजीवन सदस्यता कार्ड धारक परिवार को फ्री एंट्री दी जाएगी। युवा अपने परिवार के साथ गरबा देखने आ सकते है। टीम के सदस्य एंट्री के समय लोगों को तिलक लगाकर प्रवेश देंगे और पहचान पत्र भी देखें जाएंगे। परिसर में हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों को ही एंट्री दी जाएगी।

गरबा महोत्सव को लेकर रजत जैन ने कहा कि गुजरात की झलक शहर में पारंपरिक गुजराती वेशभूषा और लोकसंगीत के साथ शहरवासी डांडिया-गरबा की धुनों पर झूमेंगे। हितेष बिलैया ने कहा




कि विशेष रूप से युवतियों द्वारा तैयार किए गए समूह गरबा आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दीपाली गुप्ता ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से लगातार अभ्यास कर रही प्रतिभागियों का जोश मंच पर देखने मिलेगा। अग्रज लहरिया ने कहा कि 23-24 सितंबर को गरबा महोत्सव शाम 6 से रात 10 बजे तक शहरवासी गरबा रंग में रंग सकेंगे। विनय कंदेले ने कहा कि दर्शक परिवार भी ओपन गरबा के समय शामिल होकर उत्सव का आनंद उठा पाएंगे।

प्रभांशु वैश्य ने कहा कि पारंपरिक आरती से होगी शुरुआत हर दिन मां की आराधना और अतिथियों द्वारा आरती कर उत्सव की शुरुआत होगी। राहुल गुप्ता ने कहा कि विभिन्न कैटेगरी में शानदार गरबा करने वालों को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। सचिन अग्रहरि और मोहित छिरौलिया ने कहा कि आयोजन स्थल पर व्यंजनों का मज़ा लेने के लिए विशेष फूड जोन रहेगा। अनुराग सोनी और सुजल चौदहा ने कहा कि न्यूनतम शुल्क पर पास उपलब्ध, ताकि हर कोई उत्सव का हिस्सा बन सके।

ओम त्रिसोलिया और दीपांशु ने कहा कि आयोजन को भव्य बनाने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।



# कैमोर में शुरू हुआ रामलीला का मंचन

**नवभारत, कटनी।** औद्योगिक नगरी कैमोर का दशहरा महोत्सव इस वर्ष भी पूरी भव्यता और परंपरा के अनुसार उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। रामलीला मैदान में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पलक नमीत ग्रोवर की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ रामलीला मंचन की शुरुआत की गई। कैमोर का दशहरा आयोजन लगभग 85 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा है और अब यह नगर की आस्था और परंपरा का प्रतीक बन गया है। एसीसी प्रबंधन हर वर्ष इस आयोजन की जिम्मेदारी निभाता है। इस वर्ष भी 100 फीट ऊंचे रावण के साथ मेघनाथ और कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन भी किया जाएगा। इस दौरान एसीसी प्लांट हेड अतुल दत्ता ने बताया कि दशहरा महोत्सव की तैयारियां लगभग तीन माह पहले से शुरू कर दी जाती हैं। आयोजन के लिए विशेष समितियों का गठन किया जाता है। विधायक संजय पाठक और नगर परिषद अध्यक्ष की उपस्थिति में रावण दहन की परंपरा इस बार भी निभाई जाएगी। एचआर हेड दिनेश पाठक ने बताया कि इस वर्ष 100 फीट ऊंचे रावण के साथ मेघनाथ और कुम्भकर्ण के पुतले भी दहन किए जाएंगे। बच्चों के लिए विशेष झूले, महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की दुकानें और खानपान के स्टॉल लगाए जाएंगे। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमीत ग्रोवर ने कहा दशहरा आयोजन हमारी परंपराओं को जीवित रखने वाला उत्सव है। यह असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है।

शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर एसीसी प्लांट हेड अतुल दत्ता, एचआर हेड दिनेश पाठक, नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमीत ग्रोवर, मंडल अध्यक्ष भवानी राजा मिश्रा, सीएसआर हेड, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट, पूर्व उपाध्यक्ष अजय, शर्मा सहित नीलू तारा सिंह रजक, संजीव कुमार, अमिताभ राजन, हितेश गोयल, सौरभ दीक्षित, मुनी प्रसाद दुबे, सुनील सिंह, शिव देवांगन, महेश सैनी, राकेश तिवारी, केके तिवारी अनिल मौर्या, अनुराग द्विवेदी सहित नगर के गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में टॉप टेन में शामिल हुआ कटनी

**नवभारत, कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी जिला टॉप टेन जिलों में शामिल है। जिले ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से प्रथम समूह के 28 जिलों में छठवां स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा शनिवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 83.4 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर छठवां स्थान अर्जित किया है। कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में छठवें स्थान पर रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने जिला प्रशासन के अमले को उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने और भी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता और सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिले के पुलिस विभाग को सातवां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने अगस्त माह में 847 शिकायतों में से 52.49 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को 20वां स्थान मिला है। जिला पंचायत अपने समूह में 47.64 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में और नगर निगम ने 14वें स्थान पर रहकर अगस्त माह में प्राप्त 656 शिकायतों का 47.29 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है।

# शराब की अवैध तस्करी करने पर दो युवक गिरफ्तार

▶ ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने की आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई

**नवभारत, कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो युवकों और एक महिला को शराब के अवैध परिवहन करने के आरोप में पकड़ा है। आरोपी युवकों से पुलिस ने 141 पाव देसी प्लेन और 50 पाव मसाला शराब जब्त की है। जबकि महिला के पास से 41 पाव शराब जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि शराब का अवैध परिवहन करने



पर एनकेजे थाना क्षेत्र के सरसवाही गांव निवासी राहुल यादव और ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी राजासाब परमार को पकड़ा गया है। आरोपियों से मोटरसाइकिल सहित 150 पाव देसी प्लेन और 50 पाव मसाला शराब जब्त की गई है। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के महगवां निवासी ज्ञानवती पति राजभान यादव को 41 पाव देसी शराब सहित पकड़ा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एएसआई जयपाल सिंह, प्रधान आरक्षक दीपकश्रीवास, आरक्षक अमित शुक्ला, आरक्षक कमोद कोल की भूमिका रही है। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आंकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे की गई है।



# कॉलेज के छात्रों ने पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत बहोरीबंद।** वीरांगना रानीदुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत प्राचार्य के मार्गदर्शन में और कार्यक्रम अधिकारी डॉ महिमा तिवारी के सहयोग से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ कराकर पौधारोपण किया गया। इस दौरान जामुन, गुड़हल, पलाश, अमलतास, गुलाब, गेंदा, आंवला सहित अनय प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के कार्य में प्राचार्य इंद्र कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ महिमा तिवारी, डॉक्टर प्रवीण तिवारी, डॉक्टर गरिमा श्रीवास्तव, डॉक्टर प्रवीण गर्ग, डॉ ज्योति ताम्रकार, डॉक्टर खुशबू श्रीवास्तव, आरती मिश्रा, मंजू द्विवेदी, डॉ आशीष सोनी, डॉ पूनम यादव, डॉ ममिता पटले, स्वयंसेवक विक्रम सचिन चित्रांश, नमन आकांक्षा अनामिका, मोहिनी सीमा, शिवानी, मनमोहन, शुभम सहित अन्य छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता बनाए रखने सहित अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया गया, ताकि हरियाली बनी रहे।

# जल्द पूरी होगी भारतीय रेल की सबसे लंबी ग्रेड सेपरेटर परियोजना

▶ 18 सौ करोड़ की लागत से बनाया जा रहा ग्रेड सेपरेटर पुल

**नवभारत कटनी।** रेलवे प्रशासन पूरे भारत में अपनी प्रमुख परियोजनाओं को तेजी से पूरा कर रहा है, और इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे भी महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में अधोसरंचनात्मक निर्माण कार्य के विकास पर जोर दे रहा है। जबलपुर मंडल में, भारतीय रेलवे का सबसे लंबा पुल कटनी ग्रेड सेपरेटर बनाया जा रहा है। यह



परियोजना पश्चिम मध्य रेलवे की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। इस ग्रेड सेपरेटर के पूरा होने पर यह भारतीय रेलवे का सबसे लंबा रेलवे वायाडक्ट बन जाएगा। कटनी ग्रेड सेपरेटर परियोजना की कुल लंबाई 33.40 किलोमीटर है, जिसकी अनुमानित लागत 1800 करोड़ रुपए है। यह दो भागों में बन रहा है। डाउन ग्रेड सेपरेटर 17.52 किलोमीटर और अप ग्रेड सेपरेटर 15.85 किलोमीटर का है।

परियोजना के तहत 18 किलोमीटर का पुल, तीन किलोमीटर की रिटेनिंग वॉल, और 13 किलोमीटर का अर्थवर्क शामिल है। इसमें अप ग्रेड सेपरेटर में 260 स्पैन और डाउन ग्रेड सेपरेटर में 411 स्पैन निर्माणाधीन हैं। निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। वर्तमान में डाउन ग्रेड सेपरेटर का काम तेजी से जारी है।

# बका लेकर दहशत फैला रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

**नवभारत कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के सनकुई गांव से एक युवक को धारदार बका सहित पकड़ा गया है। युवक बका से क्षेत्र में दहशत फैला रहा था। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि सनकुई गांव से शंभू प्रसाद कुम्हार को धारदार बका सहित पकड़ा गया है।



आरोपी से बका जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एसआई एसके चौधरी, प्रधान आरक्षक दीपक श्रीवास, आरक्षक अमित शुक्ला, आरक्षक कमोद कोल की भूमिका रही है। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की गई है।






# सीएम से करौंदी को नेशनल पार्क बनाने की मांग

▶ जिला पंचायत सदस्य ने कहा- करौंदी को बनाया जाए नेशनल पार्क

**नवभारत, उमरियापान।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बड़वारा आगमन पर जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर भारत के केंद्र बिंदु करौंदी में नेशनल पार्क बनाने की मार्ग की है साथ मां वीरासन मंदिर में सौंदरीकरण कराने की मांग की है।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संतोष दुबे, रमन शुक्ला, जगदीश राम, सरपंच अनिल



बागरी, सरपंच गणेश साहू, सरपंच राहुल दुबे, सरपंच पंकज मिश्र, संजय सिलौड़ी, संतोष बर्मन, रात्रलोचन राय, चलराम नगरी, नीरज बर्मन, रानशरण राजभर, अरविंद तिवारी सहित ढीमरखेड़ा क्षेत्र से हजारों लोग उपस्थित रहे।

### महिलाओं को दिया जा रहा कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण

**नवभारत कटनी।** बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत अमगवां में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा स्व-सहायता समूह की 33 महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे दे रहे हैं। कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**बैठक** हर्षोल्लास और सद्भाव के साथ मनाए जाएंगे सभी पर्व, शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय

# त्यौहारों में रहेगी सख्त कानून व्यवस्था, विसर्जन मार्गों में व्यवस्थित की जाएगी बिजली की तारें

**नवभारत,कटनी।** सभी पर्वों और त्यौहारों को अमन, शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की जिले की गौरवशाली परंपरा के मुताबिक इस साल भी पर्वों और त्यौहारों को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। यह निर्णय शनिवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई शांति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। इस वर्ष 30 सितंबर को जवारा विसर्जन और 1 अक्टूबर को समारोहपूर्वक दशहरा मनाया जायेगा। इसी प्रकार गुरूनानक जयंती पर वाहन रैली और जुलूस निकलेगा। वहीं सिंधी समाज द्वारा बाबा माधवशाह की बरसी




आयोजन पर भी कार्यक्रम होंगे। इन सबके व्यवस्थित आयोजन को देखते हुए कलेक्टर ने नगर निगम को शहर की सड़कों की मरम्मत कर सुधार करने, प्रतिमा विसर्जन मार्गों में स्वचलित शौचालय और पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझाव के मुताबिक सभी प्रतिमाएं तय क्रम और मार्ग से ही निकलेंगी। साथ ही कलेक्टर ने जवारा विसर्जन और नवरात्रि में प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए समाजसेवियों, समितियों के प्रबंधकों और पदाधिकारियों से जिला प्रशासन और पुलिस के साथ सहयोग का आव्हान करते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि विसर्जन मार्गों में झूलते और लटकते, कम ऊंचाई के बिजली के तारों को सुव्यवस्थित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। कलेक्टर ने शांति समिति के सदस्यों को त्यौहारों में पुख्ता, मजबूत कानून व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। कलेक्टर ने कहा कि दुर्गा समितियां प्रतिमा स्थापना के पूर्व ही पंडाल के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर लें।

कलेक्टर ने सभी अनुविभाग और पुलिस थाना स्तर पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दुर्गा समितियों की पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, गुरूनानक जयंती, और क्रिसमस त्यौहार के आगामी महीनों में आयोजन के मद्देनजर पुलिस कंट्रोल में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता और एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल सहित पुलिस, प्रशासन, बिजली व नगरनिगम के अधिकारी मौजूद रहे।


